दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 08 मुरादाबाद, 28 April 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com




## आगरा में बोले सीएम योगी: अयोध्या में श्रीराम मंदिर के साथ ही काशी में हुआ बड़ा बदलाव, अब बृज की बारी



उत्तर प्रदेश में इन दिनों निकाय चुनाव की सरगर्मियां जोरों पर हैं। इसको लेकर सत्ताधारी भाजपा सहित अन्य पार्टियां अपने-अपने महापौर और पालिका व पंचायत अध्यक्ष के प्रत्याशियों तो जिताने के प्रयास में जुटी हैं। इसी कड़ी में सीएम योगी आदित्यनाथ आगरा में जनसभा संबोधित करने पहुंचे हैं। आगरा आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगरा अपने इतिहास के लिए जाना जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज इसका जीता जागता उदाहरण हैं। जिनके कई किस्से कहानियां आगरा से जुड़े हैं। यही वजह थी कि हमने आगरा में शिवाजी म्यूजियम बनाने की बात कही। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के साथ ही काशी में बड़ा बदलाव हुआ है। अब बृज की बारी है। हम जाति और मजहब के हिसाब से नहीं, बल्कि सबका साथ सबका विकास के मकसद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत आज मजबूत देश बन चुका है। यहां नौ वर्षों में जो हुआ वो पिछले 70 वर्षों में कभी नहीं हुआ। आज भारत का गौरव लौट आया है। जी-20 इसका उदाहरण है। जी-20 के दौरान आगरा की तस्वीर ही बदल गई। छह वर्ष पहले ऐसा नहीं था। हर जगह कूड़े के ढेर रहते थे। आज आगरा स्वर्ग है। सीएम योगी ने कहा कि हमारे कार्यकाल में गुंडागर्दी खत्म हुई। हमने करोड़ों लोगों को शौचालय, उज्जवला कनेक्शन दिए। प्रधानमंत्री मोदी का विजन यूपी का मिशन ये है नया उत्तर प्रदेश। जो किसान पहले सिर झुकाकर चलता था। आज वो सीना चौड़ा कर चलता है। दीवाली पर हम एक एक सिलेंडर फ्री में देने जा रहे हैं। हमारा एक जिला एक उत्पाद आज दुनिया भर में छाया हुआ है। हाल ही में इन्वेस्टर्स समिट के दौरान करोड़ों के इन्वेस्ट की बात हुई। इससे एक करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले कब्जा होता था। आज हर गरीब को मकान मिल रहा है। आज पैसा वसूली नहीं होती, सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आगरा में लाखों लोगों को आयुष्मान योजना हो और अन्य योजनाएं सबका लाभ मिला है। जल्द आगरा को मेट्रो की सौगात भी मिलेगी। डेढ़ लाख घरों को हर घर जल योजना का लाभ मिला है और पौने तीन लाख घरों को सीवर की समस्या से निजात दिलाई है। आगरा वासियों को जल्द शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। सीएम योगी ने बताया कि में आज इसीलिए आया हूं कि आप हमारे महापौर प्रत्यशी हेमलता दिवाकर और सभी वार्डों को प्रत्याशियों को जिताने का काम करें। चाहे वो नगर पालिका हो या नगर पंचायत।

## सीएम बघेल ने शहीद जवानों की पार्थिव देह को दिया कंधा, कहा- बेकार नहीं जाएगी शहादत



छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा के अरनपुर में शहीद हुए 10 जवानों को अंतिम सलामी दी गई। छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा के अरनपुर में शहीद हुए 10 जवानों को अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री बघेल के साथ गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी दंतेवाड़ा पहुंचे हैं। दोनों नेताओं ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा भी दिया। इसके बाद वह जवानों के परिजनों से भी मिले। मुख्यमंत्री यहां पर अफसरों के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी लेंगे। शहीद जवानों के पार्थिव शरीरों को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किए जा रहे हैं।

### नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा


मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, हमारे जवानों ने नक्सलियों से लड़ते हुए शहादत दी है। उनकी ये शहादत बेकार नहीं जाएगी। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब और तेज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलियों को हमारे जवान घेरकर जंगल में मारते हैं और उनके शवों को लेकर भी आते हैं। नक्सलियों को अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उनको अब ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। लगातार नक्सलियों का दायरा घटता जा रहा है।

### परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन

मुख्यमंत्री बघेल ने पुलिस लाइन में शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवदेनाएं प्रकट कीं। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जवानों को श्रद्धांजलि देने पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, दंतेवाड़ा विधायक, देवती कर्मा समेत दंतेवाड़ा कलेक्टर, आईजी, एसपी से लेकर तमाम पदाधिकारी पहुंचे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस की ओर से हमले का वीडियो जारी किया गया है। इसमें जवानों की गाड़ी को ब्लास्ट से उड़ते और नक्सलियों के मूवमेंट को दिखाया गया है। ये जवान हुए शहीद- हेड कॉन्सटेबल जोगा सोढी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, जोगा कवासी, हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम और जगदीश कवासी शहीद हुए हैं। इनके साथ ही प्राइवेट वाहन के चालक धनीराम यादव की भी मौत हो गई है। लौट रहे जवानों की गाड़ी ब्लास्ट से उड़ाई- माओवादी कैडर की मौजूदगी की सूचना पर दंतेवाड़ा से डीआरजी जवानों को रवाना किया गया था। इसके बाद सभी जवान बुधवार दोपहर वहां से लौट रहे थे।

इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने अरनपुर मार्ग पर पालनार में ब्लास्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि जवान एक प्राइवेट वाहन से निकले थे। हमले में एक नागरिक की भी मौत हुई है। वारदात की पुष्टि आईजी सुंदरराज पी. ने की है।

## बरेली में सपा के मेयर प्रत्याशी संजीव सक्सेना ने वापस लिया नामांकन



नगर निकाय चुनाव से जुड़ी बड़ी खबर है। बरेली में सपा के मेयर प्रत्याशी संजीव सक्सेना ने गुरुवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। इससे मेयर सीट का चुनाव दिलचस्प हो गया है। बरेली में सपा के मेयर प्रत्याशी संजीव सक्सेना ने नामांकन पत्र वापस ले लिया है। गुरुवार दोपहर नाम वापसी के बाद उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर यह फैसला लिया है। दूसरी ओर पूर्व मेयर डॉ आईएस तोमर शाम चार बजे सपा नेताओं के साथ प्रेस वार्ता करेंगे। बता दें कि डॉ तोमर ने निर्दलीय तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया है। सपा ने उनको समर्थन दिया है। सपा ने संजीव सक्सेना को मेयर पद का प्रत्याशी घोषित किया था। इसके बाद संजीव ने सपा के सिंबल पर नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं सपा नेता पूर्व मेयर डॉ आईएस तोमर ने भी नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के बाद तोमर ने कहा था कि उन पर सपा मुखिया अखिलेश यादव का आशीर्वाद है। देखिए आगे दो दिनों में क्या होता है। बुधवार को सपा ने डॉ. तोमर को समर्थन देने का एलान कर दिया। कल तक पीछे हटने को तैयार नहीं थे संजीव - इधर, सपा प्रत्याशी संजीव सक्सेना नामांकन वापस लेने को तैयार नहीं थे। उनका कहना है कि पार्टी ने उन्हें सिंबल दिया है, वह चुनाव जरूर लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि उन पर नामांकन वापसी के लिए स्थानीय स्तर पर दबाव बनाया जा रहा है, मगर वह बैठेंगे नहीं। प्रशासन से परिवार को सुरक्षा देने की मांग की थी। बुधवार को पूरे दिन सपाई खेमे में इसी तरह की नाटकीय गतिविधियां चलती रहीं।गुरुवार दोपहर इस घटनाक्रम में नया मोड़ तब आ गया, जब संजीव सक्सेना कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। संजीव ने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुझे निर्देश दिया है। उनके निर्देश टाल नहीं सकता। इसलिए नामांकन पत्र वापस लिया। उन्होंने किसी के दबाव में ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह अब खुले दिल से डॉ. आईएस तोमर को चुनाव लड़ाएंगे।

## कर्नाटक चुनाव से पहले फिसली मल्लिकार्जुन खरगे की जुबान, पीएम मोदी को लेकर दिया विवादित बयान



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस प्रमुख पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने खरगे को पार्टी अध्यक्ष बनाया, लेकिन कोई भी उन्हें ऐसा नहीं मानता, इसलिए उन्होंने ऐसा बयान देने के बारे में सोचा, जो सोनिया गांधी की ओर से दिए गए बयान से भी बदतर हो।कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जुबान फिसल गई। उन्होंने पीएम मोदी को लेकर एक विवादित बयान दिया है। दरअसल, खरगे राज्य में पार्टी का चुनाव प्रचार करने के लिए कलबुर्गी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पहले पीएम मोदी को अच्छा इंसान बताया और फिर उनकी भाषा अभद्र होती चली गई। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं। यदि आप इसके संपर्क में आते हैं तो आपकी जान चली जाएगी। हालांकि, खरगे ने इस पर सफाई भी दी। उन्होंने कहा कि मैं पीएम मोदी के लिए नहीं बोल रहा था। मेरा मतलब था कि बीजेपी की विचारधारा सांप की तरह है। मैंने पीएम मोदी के लिए व्यक्तिगत रूप से यह कभी नहीं कहा। मैंने जो कहा था कि उनकी विचारधारा सांप की तरह है और यदि आप इसे छूने की कोशिश करते हैं, तो आपकी मृत्यु निश्चित है।

### भाजपा हुई हमलावर

उन्होंने पीएम को कुछ ऐसा कह दिया, जिसे लेकर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस पार्टी को आत्ममंथन करने की सलाह दे डाली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्तर दिन पर दिन गिरता जा रहा है। पीएम को लेकर उनकी भाषा दिन पर दिन अभद्र होती जा रही है।

### अनुराग ठाकुर बोले- कोई खरगे को अध्यक्ष नहीं मानता

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पीएम मोदी पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रमुख की खिंचाई की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खरगे को पार्टी अध्यक्ष बनाया, लेकिन कोई भी उन्हें ऐसा नहीं मानता, इसलिए उन्होंने ऐसा बयान देने के बारे में सोचा, जो सोनिया गांधी की ओर से दिए गए बयान से भी बदतर हो।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बार-बार चुनावों में हार और कांग्रेस की बौखलाहट ये कहीं न कहीं कांग्रेस की मजबूरी बन जाती है पीएम मोदी को अपमानित करने की, गालियां निकालने की। सोनिया गांधी से लेकर उनके अब तक के अध्यक्ष तक सभी पीएम मोदी को कुछ न कुछ कहते ही रहते हैं। कांग्रेस को देश से माफी मांगनी होगी, नहीं तो कर्नाटक की जनता इनकी जमानत जब्त कराकर इनको मुंह तोड़ जवाब देगी।

### खरगे देश से माफी मांगें- केंद्रीय मंत्री

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने भी खरगे के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि खरगे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और अध्यक्ष हैं। वह दुनिया को क्या बताना चाहते हैं? पीएम नरेंद्र मोदी हमारे देश के पीएम हैं और पूरी दुनिया उनका सम्मान करती है और पीएम के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना दिखाता है कि कांग्रेस किस स्तर तक गिर गई है। हम चाहते हैं कि वह देश से माफी मांगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी मल्लिकार्जुन खरगे पर पलटवार किया और कहा कि खरगे जी ने अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया।

### उनका जहाज डूब रहा है: बोम्मई

कर्नाटक के मुख्मंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि खरगे जी के मन में जहर है। वे प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं। इस तरह की सोच हताशा के कारण आती है क्योंकि वे उनसे राजनीतिक रूप से लड़ने में असमर्थ हैं और वे देख रहे हैं कि उनका जहाज डूब रहा है।

## संपादकीय Editorial

# About 'Supreme Dangal'

The wrestler who won medals for India in international wrestling events was a 'national hero'. Can be either male or female. That face belonged to an Indian player. He can be a representative of any sport, but in such moments of victory our 'Tricolor' is honored. The tune of the national anthem is played. The country and the Prime Minister clap, feeling proud. Those players are felicitated through road shows. They are honored with honors and government jobs are also provided.

The whole country knows that Prime Minister Modi has given dinner to such promising, medal winning players of India at his residence. Today the same players are sitting on dharna at Jantar Mantar. There are tears in his eyes, deep despair in his heart. Will he now be able to fight 'Dangal' for the country? Is it not in the notice of the Prime Minister and the government that women wrestlers have made allegations of sexual harassment.

One wrestler is said to be a 16-year-old minor. A case of POCSO is directly made and the accused person should have been in jail. Since the President of the Wrestling Federation of India is Braj Bhushan Sharan Singh, a 6-time Bahubali MP of the BJP, the issue is being delayed and diverted.

The police is also cutting corners in registering the FIR. The world knows champion, medal winning wrestlers like Bajrang Punia, Vinesh Phogat, Ravi Dahiya, Sakshi Malik, Deepak Punia. He has established milestones for wrestling.

The world has been appreciating his Dangal. They are fighting the battle of female wrestlers who are victims of sexual exploitation. Shame on those who were proud of their victory. The wrestler-daughters, finally, had to go to the threshold of the Supreme Court. The world must be spitting on the country. The Chief Justice of the country Justice DY Chandrachud has also considered the allegations serious and has summoned the reply of the Delhi Police. There is a hearing in the apex court on Friday.

Actually the basic question and concern is of the game. India is relatively weak in terms of sports. If such sexual harassment is done, then at least which parent will allow their daughter to play? This world famous wrestler was sitting at Jantar Mantar in January 2023 also, when he made the mistake of trusting the assurance of the Sports Ministry.

In this interval, the committee headed by Mary Kom, the 6-time world-champion of boxing, decided the conclusions, prepared the report and tried to reach the truth, everything is under wraps. She has disclosed how Babita Phogat, a wrestler and a member of the committee, was forced to sign the report and the report was also taken away from her. Brajbhushan still has supremacy in the wrestling association. Even the family members of women wrestlers are being threatened by senior coaches and union officials. Money is being lured. They are all under pressure. This disclosure was also made by the protestors. The truth can come out in the court. The question is of sexual-violence and the new law is very strict. The police officer who does not register the FIR can also be punished. The question is also that today misdeeds are coming to the fore in wrestling, then tomorrow, heinous things can be done with women players of other sports. Women's cricket and hockey teams are also playing in India. Women have also set world records in sports like badminton and shooting, archery etc. Can sports be sacrificed for the lust of the men of sports associations? If Prime Minister Modi is also silent on such matters, then it is not right.

# 'Mother-in-law made gond laddoos for me...', this is how Alia lost weight soon after pregnancy

Regarding the weight of Alia Bhatt, people had said that she had lost her weight unnaturally. Alia has given a befitting reply to those who say so. Alia Bhatt has become a mother some time back. She is a new mother as well as an actress. Recently, there was news that Alia had reduced her weight after pregnancy in a very short time, after which she was the subject of discussion. People used to say that he had not





reduced his weight naturally, whereas it is not so. Now Alia has revealed how she has reduced her weight. Not strict with my body – Aaliya said, 'When I gave birth to Raha, I was not very strict with my body. I know everyone thinks I haven't lost weight naturally, but the truth is I couldn't even get my wisdom teeth removed at that time because I was breastfeeding and they didn't give me anesthesia. May go. That's why I felt that now I should come on Instagram and tell some parts of my fitness. Had reduced the weight naturally - Alia further said, 'After delivery, I did not put any pressure on myself. Doctors advised me to increase my workouts after 12 weeks and I did just that. But right now I am not able to come back to my old weight, but after pregnancy I have reduced my weight naturally. I started walking for 15 minutes, breathing deeply and exercising. Mother-in-law fed me gum laddoos – Alia further said, 'My mother-in-law also made gum laddoos for me which I ate for six weeks. People need to understand that weight gain during pregnancy does not come from eating more. During this, he also talked about his daughter Raha. On the work front, the actress will soon be seen opposite Ranbir Singh in Rocky and Rani's love story.

# Even after trolling, 'Anupama' was crowned number one, 'Imli' disappeared from the top 5

Broadcast Audience Research Council ie BARC has released the ratings for the 16th week. Between the release of new films every week, the Broadcast Audience Research Council has released the ratings for the 16th week like every time. This time a major change has been seen in




the BARC India rating list. Like the last several weeks, this time too Star Plus show 'Anupamaa' has been at the first position in TRP. On the other hand, there is no name or trace of Imlie in the top 5. So let's tell which serials are ready to make it to the top 10 this time... Like every time, this show of



Anupama-Ranjan Shahi has dominated all the TV serials this week too. The popular TV serial 'Anupama' is occupying the first place in the TRP list this time too. The story and twists of the show are entertaining the fans a lot. The show has been consistently on top since last year.




The impressions of the show also remain where they were last week. Although, the show is also facing a lot of trolling on social media, but the love of the fans is overshadowing that trolling. The show has received 2.7 million viewership impressions this week. Yeh Rishta Kya Kehlata Hai is the second number airing show on Star Plus for the last several years. The chemistry between Abhimanyu and Akshara's style in the show is being liked by the audience. At this time the story of the show is also making people emotional. The show has garnered 2.2 million impressions this week. Gum Hai Kisi Ke Pyaar Meiin - At the third position is once again Star Plus' Gum Hai Kisi Ke Pyaar Meiin. The show was on the second position in the TRP rankings for a long time, but has now slipped to the third position for the last three-four weeks. The show stars Neil Bhatt, Ayesha Singh, Aishwarya Sharma in lead roles. The story of the show is getting more twisted day by day. Faltu- Star Plus serial 'Faltu'





is at the fourth position this time too. The audience is liking the story of Faltu a lot these days, as a result of which the serial has remained at the fourth position continuously for the past several weeks. However, the location of the show has not improved. But the decline has not been recorded either, which is a good thing. This time the serial has got 1.8 million viewership impressions. Pandya Store - Star Plus show 'Pandya Store' has improved its position. This time the show is at the fifth position. There has also been an increase in its impressions. Last week, Imlie was at the fifth position, who has dropped out of the top 5 this time. These days the track of Krish's

# अधिवक्तागण वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कडी सजा दिलायें-डीएम

मौ.युसूफ
क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी तरह के वादों की समीक्षा करते हुए शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कडी सजा दिलायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि दायर वादों का डिस्पोजल भी बढ़ाये और सजा का प्रतिशत भी बढ़ायें। समन तामीला पर विशेष ध्यान दिया जाये। निर्णित वादों के सापेक्ष सजा कम होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए वादों की ठीक प्रकार से मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी महिला संबंधी अपराध एवं पाक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिये हैं अतः मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में महिला संबंधी अपराध एवं पॉक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लें। गवाहों की स्थिति बेहतर हों, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाये। हमें आपस में तालमेल कर और बेहतर रिजल्ट देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस दिन गवाह आये उसी दिन गवाही भी हो जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा ऐसे केस जो जजमेंट की कगार पर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरण का निस्तारण करायें तथा अपराधी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास से ही स्थिति बदलती है और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से आपको अपेक्षित सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गवाहों को होस्टाइल न होने दिया जाये। जिन वादों का डिस्पोजल हो रहा है उसमें सजाएं कम हो रही हैं। शुरु से केसों की मानीटरिंग की जाये और सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाये, जितना वादों का दायरा हो रहा है निस्तारण उससे अधिक होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी तरह की समस्या आ रही है तो अवगत कराये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री संदीप कुमार, संयुक्त निदेशक अभियोजन श्री ब्रजराज सिंह, डीजीसी क्रिमनल, शासकीय अधिवक्तागण एवं ए0डी0जी0सी0, एसपीओ, ए0पी0ओ0 आदि उपस्थित रहें।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी एसपीबी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक सम्पन्न

मौ.युसूफ
क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी एसपीबी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना स्मार्ट पैकिंग के अर्न्तगत प्रस्तावित सिविल कन्सट्रक्शन का कार्य एजेंसी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 को दिए जाने के चयन का अनुमोदन प्रदान किया गया। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना सिटी ब्रान्डिग के अर्न्तगत चयनित ब्यूटीफीशियन ऑफ दिल्ली रोड इंटेऊन्स गेट के कार्य अर्न्तगत नगर के जीरो प्वाइंट स्थित प्रवेश द्वारा पर मुरादाबाद नगर के कल्चर से संबंधित कला कृतियों के स्ट्रक्चर बनाये जाने का अनुरोध किया गया है। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना (डवलपमेंट ऑफ एनीमल कारकेस इंसीरेसन प्लांट) के अर्न्तगत छोटे पशुओं के इंसीरेसन हेतु एक अतिरिक्त इंसीरेसन प्लांट लगाये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में मण्डलायुक्त ने मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लि0 की समस्त परियोजनाओं की जानकारी /परियोजनान्तर्गत नागरिकों को दिए जाने वाले लाभों के बारे में व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार आई0सी0सी0सी0 परियोजनान्तर्गत नगर में लगाये गये वायरेविल मैसेज डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में नगर आयुक्त संजय चैहान, अपर नगर आयुक्त/ एडिश्नल सीईओ श्री अतुल कुमार, नोडल अधिकारी श्री टी0एन0 मिश्रा, कंपनी सेक्रेटरी सौरभ गुप्ता, मुख्य अभियन्ता जल निगम श्री संजय कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# पूनम पंडित ने किया कार्यालय का शुभारम्भ



अफाक हुसैन
क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मेयर उमीदवार हजी रिज़वान कुरैशी ने एक प्रेस वार्ता रखी जिसमे उन्होंने कहा मुझे जनता का भरपूर मिल रहा है समर्थन, इन्शाल्लहा जीत मेरी होगी मै जो भी जनता से मै 11-वचन कर रहा हूँ वो सब वो सब वचन पूरे करूँगा हाउस टैक्स होगा आधा, वाटर टैक्स करूँगा माफ़, रामगंगा पर पिकनिक पॉइंट एवम बांध करूँग निर्माण, साफ सफाई और कचरा का होगा पूरा प्रबंध फ्री वाईफाई होगी पूरी सुरक्षा होगी सी सी टीवी और स्टीरीट लाइटो का होगा इंतज़ाम, इस तरह उन्होंने कांग्रेस के 11 वचनों का किया ऐलान किया ये वार्ता उन्हींने आपने कार्यालय भूडे चौराहा पर संपन्न की गई

# लूट की फर्जी कहानी गढ़ कानून के फंदे में फंसे दो जिगरी दोस्त

मौ.युसूफ
क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- खाद-बीज के एक कारोबारी के एक लाख 87,340 रुपये हड़पने की चाह में जिगरी दोस्तों ने न सिर्फ लूट की फर्जी कहानी गढ़ी, बल्कि मूंढापांडे पुलिस को गुमराह करने की भी कोशिश की। कथित पीड़ितों के कब्जे से लूट की पूरी रकम बरामद करने के बाद गुरुवार को पुलिस ने दो जिगरी दोस्तों के खेल का भंडाफोड़ कर दिया। दोनों आरोपी गुरुवार को जेल भेज दिए गए। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि 25 अप्रैल की रात करीब साढ़े दस बजे यूपी 112 पर लूट की एक सूचना मिली। मझोला थाना क्षेत्र में मंडी समिति एकता कालोनी के रहने वाले मोहित राघव पुत्र मुनेश ने बताया कि मूंढापांडे थाना क्षेत्र में सिरसखेड़ा व हसनगंज गांव के बीच बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर उससे एक लाख 87 हजार 340 रुपये लूट लिए हैं। सूचना मिलने के कुछ ही देर बाद मूंढापांडे थाना प्रभारी आरपी सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां मोहित राघव के अलावा उसका साथी विनय राघव पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम भैसोड़ा थाना असमौली जिला सम्भल मिले। पूछताछ में मोहित ने बताया कि वह सेल्समैन है। बालाजी ट्रेडर्स के मालिक सतीश चौहान निवासी विकास नगर थाना मझोला व उमेश चौहान निवासी बंगला गांव थाना नागफनी की खाद व कीटनाशक की वह सप्लाई करता है। 25 अप्रैल को शाम चार बजे भार वाहन पर खाद व दवाइयां लेकर वह रामपुर के शहजादनगर स्थित सुहेब खाद भंडार पहुंचा। माल की सप्लाई देने के दुकानदार से एक लाख 64,940 रुपये प्राप्त किया। वहां से दोनों मिलक रामपुर पहुंचे। रियाजुल खाद भंडार पर खाद व दवाइयां उतार कर दुकानदार से 22, 400 रुपये प्राप्त किया। टोल बचाने के चक्कर में दोनों सेल्समैन नियामतपुर के रास्ते से हाईवे अड्डे की तरफ जा रहे थे। सिरसखेड़ा-हसनगंज मोड़ पर दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने पीछा कर वाहन रुकवा लिया। तमंचे के बल पर बदमाशों ने एक लाख 87, 340 रुपये लूट लिए। फरार होने से पहले लुटेरों ने मोहित राघव का मोबाइल फोन भी छीन लिया।

अतीत खंगालते ही खेल का हो गया भंडाफोड़

मुरादाबाद- पुलिस को लूट की सूचना देने वालों का अतीत खंगालते ही लूट के पूरे खेल का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने पहले विकास नगर मझोला निवासी सतीश चौहान से बात की। मोहित राघव के बावत पूछताछ की। तब सतीश चौहान ने बताया कि बीते सात माह से दोनों उनकी फर्म में काम कर रहे हैं। सात माह में पहला मौका है, जब फर्म के रुपये लूटे गए। इसके पूर्व दोनों कलेक्शन एजेंट मार्केट से रुपये की वसूली कर फर्म में जमा करते रहे हैं। तब पुलिस ने मोहित राघव की कुंडली व अतीत खंगालना शुरू किया।

# अधिकारियों ने कार्मिकों को बताई मतदान प्रक्रिया की बारीकी


मौ.युसूफ
क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- नगर निकाय चुनाव के लिए चार मई को होने वाले मतदान के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण गुरुवार को कांठ रोड स्थित राजकीय पुरुष और महिला पॉलिटेक्निक में दो सत्र में दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम को सुबह 10-1 और दूसरे सत्र में 2 बजे से बजे प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर बारीकियों की जानकारी दी। राजकीय पालीटेक्निक पुरुष के मुख्य भवन में प्रशिक्षण की जिम्मेदारी उपायुक्त स्वत-रोजगार और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने निभाई। जबकि राजकीय महिला पालीटेक्निक के एसटीएस भवन में प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बुद्ध प्रिय सिंह, मुख्य भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुपमा शांडिल्य और जिला पंचायत राज अधिकारी ने कार्मिकों की उपस्थिति चेक करने के बाद प्रोजेक्टर, लैपटॉप, ईवीएम, बैलेट बाक्स आदि के प्रयोग की जानकारी दी। अधिकारी के आवेदन के प्रपत्र, उपस्थित व अनुपस्थित कार्मिकों की सूची आदि बनवाया। प्रशिक्षण में मतदान के दिन की सभी प्रक्रिया अपनाने के तरीके, निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस का पालन करने की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि मतदान के बाद बैलेट बाक्स आदि को तय जगह पर जमा करने की जिम्मेदारी भी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पीठासीन अधिकारी आदि की होगी। इसमें कोई लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# धनुपुरा गांव से उत्तराखंड के बॉर्डर को जोड़ेगा रिंग रोड, जिलों के मुसाफिरों का सफर होगा आसान

क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- मुरादाबाद से उत्तराखंड को जोड़ने वाला रिंग रोड दिल्ली के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों के मुसाफिरों का सफर आसान करेगा। 105 किलोमीटर लंबे रिंग रोड में 77 किमी का निर्माण मुरादाबाद से और बाकी हिस्से का निर्माण उत्तराखंड के एनएचएआई द्वारा कराया जाएगा। इससे दिल्ली से उत्तराखंड जाने मुसाफिरों को ट्रैफिक से निजात मिलेगी। मुरादाबाद रिंग रोड के पहले पैकेज के निर्माण कार्य की सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। पहले पैकेज के 38 किमी के निर्माण कार्य में 6.25 करोड़ और दूसरे पैकेज के 39 किमी के निर्माण कार्य में 6.75 करोड़ रुपये की लागत आनी है। पहला पैकेज में दिल्ली रोड के गांव धनुपुरा से शुरू होकर डिलारी गांव तक निर्माण किया जाएगा। दूसरा पैकेज में मूंढापांडे से होकर ठाकुरद्वारा ब्लाक के गांव मोहम्मद गंज तक निर्माण किया जाएगा। इससे आगे तीसरे पैकेज का 38 किलोमीटर का निर्माण उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण निगम द्वारा किया जाना है। गांव निसारवाला और रघुनाथपुर के बीच बने टोल प्लाजा पर दिल्ली और काशीपुर से आने जाने वाले मुसाफिरों को टैक्स देना होगा। एनएचएआई के साईट इंजीनियर नौमान ने बताया कि पहले पैकेज का निर्माण कार्य मई के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगा। बताया कि पहले पैकेज में 65 प्रतिशत किसानों को मुआवजा एसएलओ कार्यालय से वितरित किया जा चुका है। दूसरे पैकेज के कुछ गांव की जमीन अधिग्रहण नहीं हो पाई है। बाकी भवन और पेड़ों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है।

# गल्ला मंडी में 3600 कुंतल, क्रय केंद्रों पर 100 कुंतल ही आ रहा गेहूं

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- सरकारी गेहूं क्रय केंद्र से अधिक रेट पर इस बार मंडी में किसानों का गेहूं उत्पादन खरीदा जा रहा है। उसके चलते मंडी में पिछले वर्ष की अपेक्षा गेहूं की बंपर खरीद हो रही है। गल्ला मंडी में पिछले वर्ष की अपेक्षा अब तक 40 हजार कुंतल तक अधिक गेहूं खरीद जा चुका है। जिले की मुख्य खाद्यान्न मंडी में एक अप्रैल से 25 अप्रैल तक 2160 से 2200 रुपये प्रति कुंतल की दर से 90 हजार 772 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी। जबकि वर्ष गल्ला मंडी पिछले वर्ष एक से 25 अप्रैल तक 51 हजार 255 कुंतल गेहूं खरीदा गया था। बुधवार को नवीन खाद्यान्न मंडी सचिव कुमार एवं वरिष्ठ लिपिक अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार मंडी का रेट सरकारी गेहूं केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित रेट से अधिक बना हुआ है। इसके चलते मंडी में गेहूं की बंपर खरीद हो रही है। उन्होंने बताया कि अब तक अधिकांश बड़े किसानों ने गेहूं बेचना शुरू नहीं किया है। वह और अधिक गेहूं के रेट बढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे है। अगर वह भी गेहूं बेचना प्रारंभ कर दे तो मंडी में गेहूं की आवक, पिछले वर्ष से 50 फीसदी से भी अधिक बढ़ सकती है। 26 दिन बाद भी 67 गेहूं क्रय केंद्रों पर नहीं खुला खरीद का खाता एटा। बुधवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी नंद किशोर ने बताया कि किसानों का उत्पादन सरकार द्वारा निर्धारित किए गए समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए जिले में कुल 83 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए है। इनमें से 16 क्रय केंद्रों पर ही एक से 26 अप्रैल तक कुल 2500 कुंतल गेहूं की खरीद हो सकी है। बाकी 67 केंद्रों पर गेहूं खरीद का खाता भी नहीं खुल सका है। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग के पांच, पीसीएफ के सात, पीसीयू के तीन, यूपीएसएस के एक कुल एक केंद्र पर ही गेहूं खरीद हो सकी है। जबकि इस बार जिले को 76 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि क्रय केंद्र हो या गल्ला मंडी किसान का गेहूं समर्थन मूल्य से कम नहीं खरीदा जाना चाहिए। *क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए करनी पड़ती है इतनी प्रक्रिया- एटा। सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए सबसे पहले किसान को पंजीकरण करना होता है। 100 कुंतल से नीचे गेहूं बेचने वाले किसानों दस्तावेज संबंधी सत्ययापन एडीएम के माध्यम से किया जाता है।

100 कुंतल से अधिक गेहूं बेचने वाले किसान के उत्पादन की मात्रा के अलावा जमीनी सत्यापन एसडीएम के माध्यम से किया जाता है। इसके बाद किसान केंद्र पर गेहूं बेचने पहुंचता है। केंद्र प्रभारी गेहूं तौलकर डिजिटल हस्ताक्षर से गेहूं की मात्रा लॉक करता है। उसके बाद जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं केंद्र जिला प्रबंधक किसान का भुगतान कराने के लिए आगे की प्रक्रिया करते है। उसके 24 या 72 घंटे बाद किसान के खाते में गेहूं का रुपया आता है। मंडी में गेहूं बेचने पर नहीं कोई झमेला- एटा। गल्ला मंडी में गेहूं बेचने के लिए किसी प्रकार कोई पंजीकरण या सत्यापन नहीं करना पड़ता है। मंडी में किसान से उतराई, तुलाई, छनाई का भी कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं वसूला जाता है। उत्पादन बेचते ही किसान को नकद भुगतान मिल जाता है। जबकि सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने वाले किसान को उतराई, छनाई का भी 20 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से भुगतान करना पड़ता है। इस प्रकार किसान को 2105 रुपये प्रति कुंतल ही गेहूं का भुगतान हो पाता है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# पुलिस अधीक्षक ने 40 ग्राम प्रहरियों को किया सम्मानित

लंकीन प्रसाद वर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी की गई, गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी ग्राम प्रहरियों से कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी ली गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के 40 ग्राम प्रहरी साबिर ,दिनेश यादव .बालक राम ,सागर सहित 40 ग्रामपहरी सम्मानित करते हुए शाल प्रदान किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को बताया गया कि आप लोग पुलिस विभाग के अभिन्न अंग है। गांव स्तर पर बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जिनको आप लोग सतर्क रहकर तत्काल संबंधित थाने पर सूचित करें। सभी लोग अपने पास थाना प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी सहित उच्चाधिकारीगणों के मोबाइल नंबर, अपनी डायरी व मोबाइल में अवश्य फीड करें, जिससे कोई समस्या हो तो तत्काल फोन कर अपने अधिकारियों को समय से अवगत कराया जा सके। अपने दायित्वों व कर्तव्यों का सही से निर्वहन करते हुए कार्य क्षेत्र में सतर्क नजर रखते हुए, अवैध शराब बनानें व क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों व चोरी करने वालों पर नजर रखनें तथा यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है ,तो तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया । आपको बता दें कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग है, इनके द्वारा क्षेत्र में घटित घटनाओं आदि की जानकारी/सूचना प्रदान की जाती रही है । सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करनें तथा ग्राम प्रहरियों की सक्रियता को बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनसे मुलाकात कर वार्ता की गई तथा अपने कार्यों के प्रति और अधिक सक्रिय रहने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान, प्रभारी निरीक्षक थाना सोनवा सुरेन्द्र कुमार शर्मा, पेशकार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, आशुलिपि विनय कुमार सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए चार जवानों के परिवारों को वित्तीय मदद के रूप में एक-एक करोड़ रुपये के चैक सौंपे

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जम्मू-कश्मीर में देश की सेवा दौरान 20 अप्रैल को शहीद होने वाले चार बहादुर सैनिको के घर जाकर उनके परिवारों को आर्थिक सहायता के रूप में एक-एक करोड़ रुपये का चैक सौंपा। मुख्यमंत्री ने इन शहीदों के पैतृक घरों का दौरा किया, जिनमें हवलदार मनदीप सिंह गांव चनकोयीआ काकन जिला लुधियाना, लांस नायक कुलवंत सिंह गांव चडिक जिला मोगा, सिपाही हरकिशन सिंह गांव तलवंडी भरथ जिला गुरदासपुर और सिपाही सेवक सिंह गांव बाघा जिला बठिंडा शामिल है। भगवंत मान ने अपनी यात्रा के दौरान इन परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इन वीरों द्वारा देश के लिए किए गए महान बलिदानों के सम्मान में परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का चैक सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा देश इन शहीदों का ऋणी है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। भगवंत मान ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए धरती माँ के इन सपूतों के महान योगदान में राज्य सरकार की और से यह एक विनम्र श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सैनिकों के परिवारों की सहायता के लिए राज्य सरकार की दृढ़ वचनबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सैनिकों के परिवारों का कल्याण सुनिश्चित करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। भगवंत मान ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सरकार की इसी वचनबद्धता के तहत शहीदों को आर्थिक मदद दी गई है। मुख्यमंत्री ने बठिंडा जिले के बाघा गांव में सिपाही सेवक सिंह के नाम पर सरकारी स्कूल के निर्माण की घोषणा की। इसी तरह उन्होंने कहा कि गांव के मौजूदा स्टेडियम को भी अपग्रेड किया जाएगा और उसमें शहीद की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। भगवंत मान ने कहा कि शहीद के गांव में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भी राज्य सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

जिला लुधियाना के गांव चनकोइयां काकन में मुख्यमंत्री ने गांव के स्कूल का नाम शहीद हवलदार मनदीप सिंह के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दोराहा से इस गांव को जाने वाली सड़क को मजबूत कर इस सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखा जाएगा। भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार स्टेडियम का नामकरण शहीद के नाम पर करने की संभावना तलाशेगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन से एक सदी का अंत हो गया : जे.जे. सिंह अरोड़ा

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए शिरोमणि अकाली दल के महासचिव व लुधियाना के मीडिया प्रभारी जे.जे. सिंह ने कहा कि कोई शब्द नहीं है। शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक, राजनीति के बाबा बोहर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन से एक सदी का अंत हो गया, पूरे शिरोमणि अकाली दल को एक अपूरणीय क्षति हुई है। प्रकाश सिंह बादल साहिब एक दरवेश राजनेता और दूरदर्शी सोच के स्वामी और पंजाब को तरक्की की ओर ले जाने वाले नेता थे। हम ईश्वर के चरणों में प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और अपने पीछे परिवार और हम सब को दुख दुख सहने का बल दें।

# निकाय चुनाव में नामांकन के दौरान हुई जांच में मिलीं खामियां अध्यक्ष और सभासदों के 20 पर्चे खारिज

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- दस निकायों के लिए हुए नामांकन पत्रों को जांच के बाद 20 नामांकन पत्रों को निरस्त कर दिया गया। इनमें अध्यक्ष पद के सात तथा सभसद पद के 13 नामांकन पत्र शामिल है। सदस्य पद के निरस्त हुए नामांकन पत्रों में सपा और भाजपा के प्रत्याशी भी हैं। गुरुवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशी की स्थिति साफ हो जाएगी। मंगलवार और बुधवार दो दिन तक चली जांच प्रक्रिया के बाद नामांकन पत्रों को निरस्त किया गया। जलेसर नगर पालिका से बसपा प्रत्याशी बिस्मल्ला बेगम का पर्चा निरस्त हुआ है। दूसरा सेट इनका सही पाया गया है। नगर पालिका अलीगंज में निर्दलीय प्रत्याशी अनुज कुमार, राजा का रामपुर में अंजली, जैथरा नगर पंचायत में पंकज देवी, मिरहची में नीरज, सत्यपाल सिंह और रजनेश कुमारी के पर्चे निरस्त हुए हैं। इसमें अध्यक्ष पद के लिए सात नामांकन निरस्त किए गए हैं। ऐसे ही सदस्य पद के लिए जलेसर में वार्ड 23 की रितू जादौर, अलीगंज में वार्ड एक से किरन, अलीगंज में ही वार्ड दो से राजेश, सुनील और विकास नागर के पर्चे खारिज हो गए। एटा नगर पालिका में वार्ड 11 शांति देवी व जौली का पर्चा निरस्त किया गया। एटा में ही वार्ड 24 से रेनू, बिगेंद्र सिंह का पर्चा निरस्त किया गया है। वार्ड 25 से ममता पचौरी का पर्चा निरस्त किया गया है। नगर पंचायत राजा का रामपुर में वार्ड छह से सपा प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह, नगर पंचायत जैथरा में वार्ड तीन से भाजपा प्रत्याशी गुलेश सिंह, वार्ड दस से सरिता देवी का पर्चा अस्वीकार किया गया है। इन सभी निकायों के 13 सदस्यों के पर्चे निरस्त हुए है। आज लिए जा सकेंगे नाम वापस एटा। नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी की जाएगी। दोपहर तीन बजे से नाम वापसी के बाद चुनाव चिह्नों का वितरण किया जाएगा। दलीय प्रत्याशियों को छोड़कर निर्दलीय प्रत्याशी अपने पसंद का चुनाव चिह्न लेने के लिए लिखकर दिया है।

# काउंसलिंग कर फिर से साथ रहने के लिए राजी किया गया



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शंकर के निर्देशन में महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र दिनांक 26.4.2023 आज आपसी मतभेदों के कारण टूटने की कगार पर खड़े एक परिवार की काउंसलिंग कर फिर से साथ रहने के लिए राजी किया गया वादी नीतू पुत्री सुरेन्द्र कुमार थाना पिलुआ जिला एटा प्रतिवादी पवन कुमार पुत्र जगबीर सिंह निवासी जवाहरपुर नगला बीच थाना पिलुआ जिला एटा आपसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी दोनों परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए तैयार है! आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मवती काउंसलर सचेंद्र गुप्ता सीमा मल्होत्रा पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथिलेश पूजा मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सीटी यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फैशन डिजाइन, स्कूल ऑफ डिजाइन एंड इनोवेशन ने ग्लैमर एंड ग्लॉस में दूसरा स्थान किया हासिल

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना - सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, साउथ कैंपस ने ग्लैमर एंड ग्लॉस नाम से इंटर कॉलेज फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के युवा डिजाइनरों और मॉडलों द्वारा फैशन और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया गया। पंजाब के विभिन्न कॉलेजों की 9 टीमों ने भाग लिया। शो की थीम इंडो-वेस्टर्न थी। कुल 113 मॉडलों और 105 डिजाइनरों ने रैंप पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। जज के तौर पर पंकज ठाकुर, पारुल वर्मा और नेहा वारच ग्रोवर ने हिस्सा लिया। टीमों को विभिन्न मानदंडों जैसे नृत्यकला, उपस्थिति, वेशभूषा, भाषण आदि के आधार पर आंका गया। इस प्रतियोगिता में फैशन डिजाइन विभाग, स्कूल ऑफ डिजाइन एंड इनोवेशन, सीटी यूनिवर्सिटी की टीम ने दूसरा पुरस्कार जीता। छात्रों ने बचे हुए कपड़े , लेस, खादी रेशम के स्क्रैप का उपयोग करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। सीटी यूनिवर्सिटी के 10 डिजाइनरों और 10 मॉडलों की एक टीम ने भाग लिया और 10 अन्य टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार हासिल किया। इस मौके पर सीटी ग्रुप की को-चेयरपर्सन परमिंदर कौर चन्नी, प्रो-चांसलर डॉ. मनबीर सिंह, को-मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती तनिका चन्नी, कैंपस डायरेक्टर, डॉ. गुरप्रीत सिंह, डायरेक्टर ऑफ रिसर्च एंड इनोवेशन, डॉ. जसदीप कौर धामी, छात्र कल्याण विभाग की उप निदेशक डॉ. अर्जन सिंह, सीटी यूनिवर्सिटी छात्र कल्याण के उप निदेशक दविंदर सिंह, सीटीआईएचपीएम प्रिंसिपल, महेश खडवाल, फैशन डिजाइनिंग विभाग के नियंत्रक, श्रीमती रेणुका, मेधा कुमारी, सीओएस, स्कूल ऑफ डिजाइन एंड इनोवेशन और अन्य कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। डॉ. मनबीर सिंह, प्रो चांसलर सीटी यूनिवर्सिटी ने विजेताओं को बधाई दी और भाग लेने वाली टीमों द्वारा अपने फैशन कौशल दिखाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने फैशन डिजाइन के छात्रों को अपने शैक्षणिक प्रदर्शन के तहत सुंदर डिजाइन बनाते रहने के लिए प्रेरित किया।

# विकास खण्ड जमुनहा को 'महत्वाकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम' में किया सम्मिलित



प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - भारत सरकार, नीति आयोग द्वारा देश में विकास के पायदान पर पिछड़े 112 जनपदों में महत्वाकांक्षी जनपद कार्यक्रम वर्ष-2018 से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की अपार सफलता एवं विकास को अन्तिम पायदान तक पहुंचाये जाने हेतु अब देश में 500 महत्वाकांक्षी विकास खण्डों का चयन किया गया है।

इस कार्यक्रम को प्रारम्भ करने के लिए नीति आयोग भारत सरकार द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के 109 जनपदों से आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जनपदों से संवाद किया गया। इस वीडियों कान्फ्रेंसिंग में नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली से सदस्य नीति आयोग, प्रोफेसर रमेश चन्द्र, अपर सचिव नीति आयोग श्रीमती वी0 राधा, आई0ए0एस0 एवं अपर मिशन निदेशक श्री आनन्द शेखर, संयुक्त सचिव, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश, लखनऊ से प्रमुख सचिव, नियोजन श्री आलोक कुमार तथा जनपद श्रावस्ती से जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया गया।

# चुनावों में सोच समझकर निर्णय लें

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि उत्तर प्रदेश में नगर पालिका चुनाव की घोषणा हो चुकी है,उक्त चुनावों से ही आगे होने वाले चुनावों की दशा और दिशा तय होगी मेरा सभी हिन्दू भाईयों से निवेदन है की उक्त चुनावों में सोच समझकर निर्णय लें क्योंकि अपना एक ही नारा है कि जो हिन्दू हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा तथा वही जनपद में भी राज करेगा चाहे वह किसी भी पार्टी के हो चाहे किसी भी जाति धर्म के हो। क्योंकि अब लोकतंत्र का जमाना है इसलिए सभी को आगे आकर वोट करना होगा क्योंकि अब वोट की राजनीति से ही दिशा और दशा तय होगी। श्री चौहान ने कहाँ कि जब-जब हिन्दू जागा तब तक देश पर विजय पताका लहराया हम लोगों के गलत निर्णय लेने से काफी क्षति का सामना करना पड़ा था जिसको हम सभी लोग जानते हैं राम मंदिर का कलंक हम लोगों के माथे से लगभग 500 वर्ष बाद हटा।राम मंदिर का निर्माण जो आज हम होते देख रहे हैं उसका श्रेय उन कारसेवकों को जाता है जिनके खून से नदी लाल हो गई थी।कुछ तथाकथित नेताओं की वजह से वह दिन देखना पड़ा था इसलिए हमें सभी पहलुओं पर विचार करना होगा अपने उन भाइयों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता।इसलिए सव भाईयों को सोच समझ कर निर्णय लेना है क्योंकि मामला एटा के विकास का है।

# पशु डाक्टर की तैनाती होने से लोगों मे खुसी

अरविन्द कुमार यादव-क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - मल्हीपुर पशु चिकित्सालय मल्हीपुर पर पशु चिकित्सा अधिकारी काफी दिनों से पद रिक्त था 2016 से आज तक कोई चिकित्सा अधिकारी की तैनाती नहीं हुई अब मल्हीपुर के पशु चिकित्सालय पर चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार की तैनाती किया गया है जो आकर के पशु चिकित्सा अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है इसके पूर्व में हरदत्त नगर गिरंट के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार चार्ज पर चला रहे थे क्षेत्रवासियों को काफी पशुओं के इलाज कराने में सुविधा हो गई है क्योंकि अनुचर के अलावा कोई कर्मचारी अस्पताल पर तैनात नहीं था न डॉक्टर न फार्मेसिस्ट 2016 से अब पशु चिकित्सा अधिकारी की तैनाती से क्षेत्र के किसानों को अपनी जानवरों के बचाव बीमारी से टीका इलाज चिकित्सालय मल्हीपुर पर आकर करा सकते हैं ।